**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 12 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मारीशंस में ऐतिहासिक चुनावी जीत पर डॉ ॰ नवीन रामगुलाम को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने डॉ ॰ रामगुलाम से बात की और मारीशस का नेतृत्व करने में उनकी सफलता की कामना की।

*************************************************************

केंद्रीय वित्त एवं कॉँपरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर बैंक ए आई आई बी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में ए आई आई बी के निदेशक मंडल के 11 अधिकारी शामिल थे।

*************************************************************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों और पद्धतियों का प्रसार, रूपरेखा और कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

*************************************************************

हरियाणा शिक्षा विभाग ने इस सत्र के लिए स्कूलों के समय में बदलाव के निर्देश जारी किये हैं।एकल शिफ्ट वाले स्कूल सर्दियों में सुबह 9:30 से दोपहर 3:30 तक चलेंगे।दो शिफ्ट वाले स्कूल (15 फरवरी 2025 तक) पहली शिफ्ट में 7:55 से 12:30 तक और दूसरी शिफ्ट में 12:40 से शाम 5:15 तक चलेंगे।

*************************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री  श्याम सिंह राणा ने रा'य में डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की उपलब्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर स्पष्ट किया कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध है और उसकी आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं है। विपक्षी दलों पर 'भ्रामक बयानबाजी' का आरोप लगाते हुए राणा ने कहा कि सरकार किसानों को समय पर उर्वरक आपूर्ति और फसल खरीद में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।कांग्रेस नेताओं द्वारा डीएपी की कमी के आरोपों का खंडन करते हुए राणा ने बताया कि राज्य में वर्तमान में पर्याप्त  डीएपी स्टॉक में है और 15 नवंबर तक अतिरिक्त 9,519 मीट्रिक टन आने की संभावना है।कृषि मंत्री ने इस संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठक भी की और सभी किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने और रा'य में एक भी एकड़ भूमि को डीएपी की कमी के कारण अनबोया न रहने देने के निर्देश दिए।कृषि मंत्री ने बताया कि हरियाणा की मंडियों में धान और बाजरा खरीद की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। भुगतान के संदर्भ में उन्होंने पुष्टि की कि सरकार ने किसानों को खरीद के 72 घंटों के भीतर भुगतान जारी करने का प्रावधान किया है और अब तक 11,522 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की गई है।

****************************************************************

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने खाद्यान्न भंडारण से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीएमआर चावल के भंडारण की सुविधा पर चर्चा हुई। जिसमें एफसीआई ने हरियाणा सरकार ने करीब 16 लाख एमटी चावल के भंडारण के लिए जगह की जरूरत बताई। जिसमें से 12 लाख 55 हजार एमटी चावल के भंडारण के लिए भंडार गृहों में उपयुक्त जगह पाई गई। इसके अलावा एफसीआई की ओर लंबित भुगतान, गोदामों में अनाज के भंडारण के लिए दर्शाए जाने वाले समय अवधि को लेकर व अंतर जिला गेहूं स्थानातंरण पर एफसीआई द्वारा यातायात खर्च उठाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

****************************************************************

पहली अक्टूबर से 10 नवंबर तक दशहरा, दिवाली और छठ महापर्व के दौरान दक्षिण-मध्य रेलवे मंडल से करीब तीन करोड़ लोगों ने यात्रा की है। रेल अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में करीब आठ लाख अतिरिक्त लोगों ने यात्रा की है।

************************************************************

अंबाला जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे है अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाए गए हैं यहां पर डेंगू रोगी ओर डेंगू के संदिग्ध रोगियों का इलाज हो रहा है।वहीं अस्पताल में डेंगू की नोडल अधिकारी डा चित्रा शर्मा ने बताया कि डेंगू के लिए इस मौसम में सावधानी रखना बहुत जरुरी है।उन्होंने लोगो से भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार होता है तो वह सरकारी अस्पताल में डेंगू का टेस्ट मुफ्त में करवा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें पुरे जिला के गाव् स्तर पर काम कर रही है। जिस में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर , स्वास्थ्य कर्मचारी , आशा वर्कर्स और अन्य स्टाफ लोगो को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक कर रहे है। डेंगू के मच्छर को खत्म करने के लिए फोगिंग करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगो को यह सलाह दी जाती है कि वह रात को मच्छरदानी लगाकर सोये , पूरी बाजु के कपडे डाले , अपने शरीर पर पुरे कपडे डाले और घरो के किसी भी जगह पर पानी को खड़ा न होने दे।